# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, परिसर देहरादून

दिनांक–20/07/2023

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, परिसर देहरादून द्वारा दिनांक 20जुलाई, 2023 को उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गांव समाल्टा (विकासखण्ड– कालसी), देहरादून में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में फलदार वृक्ष लगाये गए। इस अवसर पर गांव समाल्टा, देहरादून के प्रधान श्री जयपाल सिंह तोमर, राजकीय इंटर कॉलेज सहिया (समाल्टा) के प्रधानाचार्य श्री जे0 एस0 बंगारी जी एवं स्थानीय जनता ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के सौजन्य से वृक्षारोपण कर हरेला पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात एक बैठक का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज सहिया (समाल्टा) में किया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डॉ0 सुभाष रमोला, प्रभारी निदेशक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, परिसर देहरादून ने कहा कि लोकपर्व हरेला हरियाली का प्रतीक है और सुख, समृद्धि तथा शांति की मनोकामना के लिये मनाया जाता हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड कृषि आधारित राज्य हैं। हम सबको मिलकर वृक्षारोपण करना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझना चाहिये।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री नरेन्द्र जगूड़ी ने कहा कि हरेला पर्व प्रत्येक वर्ष श्रावण मास की कर्क संक्रांति को मनाया जाता हैं। मूलतः यह पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिये मनाया जाता हैं। मान्यता है कि हरेला मनाने से घर में सुख समृद्धि एवं शान्ति आती है। विश्वविद्यालय में समाज शास्त्र विषय की सहायक प्राध्यापिका डॉ0 भावना डोभाल ने बताया कि हरेला पर्व प्रकृति को समर्पित हैं और हम सबको अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना होगा।

इस कार्यक्रम में एस0एम0आर0 कॉलेज के अध्यक्ष श्री अनिल तोमर ने कहा कि हर किसी को वृक्षारोपण करते हुए प्राकृतिक सुन्दरता में अपना योगदान देना चाहिए। इस त्यौहार में मिश्रित अनाज को उगाया जाता हैं।

रा0 इ0 कॉ0 के प्रधानाचार्य श्री जे0 एस0 बंगारी जी ने कहा कि हमें प्रकृति के साथ जुडना चाहिये। यह पर्व हरियाली और नई ऋतु के शुरू होने का सूचक है। ग्राम समाल्टा के प्रधान श्री जयपाल सिंह तोमर ने पर्यावरण के प्रति स्थानीय लोगों को जागरुक करते हुए सभी से एक–एक पेड़ प्रतिवर्ष लगाने का आहवान किया।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम स पर्यावरण संरक्षण के संदेश को ग्राम समाल्टा की जनता द्वारा बहुत सराहा गया एवं इस प्रकार के अन्य कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से आग्रह किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्मिक श्री अरविन्द कोटियाल, श्री सुनील नेगी, श्री चन्द्रबल्लभ पोखरियाल तथा राजकीय इंटर कॉलेज सहिया (समाल्टा) के अध्यापक श्री महेश जगोठा, श्री भरत सिंह, श्री राघवेन्द्र वर्मा, श्री रमेश राणा, श्री रूपेश कुमार नाथ, श्री अनिरूद्ध कुमार, श्री मुकेश कुमार, श्री दिनेश सिंह तोमर,

श्री हरीश गैरोला, श्री नीरज शर्मा, श्री सी0 एस0 बहुखंडी तथा ग्राम समाल्टा के श्री आंनद सिंह तोमर, आदि समेत काफी संख्या में आये लोगों ने वृक्षारोपण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में डॉ0 सुभाष रमोला ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी उपस्थित लोगों को दी जिनके माध्यम से स्थानीय समुदाय अपनी उच्च शिक्षा अपने नजदीकी संस्थान के माध्यम से ग्रहण कर सकते हैं।















# पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ली

## महावीर प्रसाद जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विकासनगर में मनाया गया हरेला सप्ताह

संवाद सहयोगी, विकासनगर: महावीर प्रसाद जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विकासनगर में हरेला सप्ताह मनाया गया। जिसमें गीत, भाषण, कला, स्लोगन प्रतियोगिता विद्यालय में कराई गई।

गुरुवार को विद्या भारती के सह प्रदेश निरीक्षक विनोद रावत, प्रधानाचार्य रामपाल सिंह, आचार्य व अभिभावकों ने पौधे रोपे। छात्र-छात्राओं द्वारा रैली नगर पालिका विकासनगर, मुख्य बाजार तक निकाली गई। पर्यावरण बचाने के लिए नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। विद्यालय परिसर में लगाए गए पेड़ पौधों की देखभाल करने की जिम्मेदारी भी ली। छात्र-छात्राओं ने 'एक बच्चा, एक पौधा' नारे को सार्थक करते हुए पौधे लगाए। इस मौके पर आचार्य तेजपाल सिंह, रमेश चंद्र राव, राजकुमारी डोभाल, विशाखा शर्मा, नीरज बक्शी, परविंदर सिंह, नीमा रावत, आदर्श व रितिका, आकृति दिव्यांशु, आदित्य, दीक्षांत, वेदिका, लक्षिता, रिया आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

गुरुवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए हुए समाल्टा गांव में पौधरोपण करते हुए लोग • साभार कालेज

वहीं दूसरी ओर, एनफील्ड स्कूल में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में सुगंधित औषधीय गुणों से भरपूर फलदार छायादार पौधों का छात्र-छात्राओं की ओर से रोपण किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य ओपी चुग ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इन रोपित पेड़ों की समय-समय पर देखभाल करने के लिए कहा। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य उषा चौहान, रेखा चावला, पुनीता बडोनी, सोनिया चौहान, साहिल राणा, आशा रावत, रेनू भट्ट, पूजा, विजय, लक्ष्मी, प्रिया डोगरा, कृति, प्रमोद चंदोला आदि मौजूद रहे।

**समाल्टा में रोपे गए पौधे : साहिया:** हरेला सप्ताह के तहत उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए हुए गांव समाल्टा में पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में पीजी कालेज साहिया, अटल उत्कृष्ट जौनसार बावर राजकीय इंटर कालेज साहिया व ग्राम पंचायत समाल्टा ने संयुक्त रूप से पाटन स्थित विद्यालय भूमि पर पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उत्तराखंड मुक्त विवि कैंपस प्रभारी निदेशक डा. सुभाष रमोला, पीजी कालेज चेयरमैन अनिल सिंह तोमर, राइंका साहिया प्रधानाचार्य जेएस बंगारी, समाल्टा प्रधान जयपाल सिंह तोमर, आनंद सिंह तोमर, नरेश जगूड़ी, सहायक प्रवक्ता डा. भावना डोभाल, अरविंद कोटियाल, चंद्र बल्लभ पोखरियाल, सुनील नेगी, महेश जगोठा, भरत सिंह, राघवेंद्र वर्मा, रमेश राणा, रूपेश कुमार नाथ, अनिरुद्ध कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, संजय थपलियाल, देवेंद्र सिंह तोमर, हरीश गैरोला, नीरज शर्मा, सीएस बहुखंडी आदि मौजूद रहे।

देहरादून की और भी खबरें पढ़ें www.jagran.com



# हरेला पर्व पर पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का सन्देश

**देहरादून।** हरियाली, शांति व समृद्धि के प्रतीक लोकपर्व हरेला सप्ताह के अवसर पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने गोद लिए हुए गांव समाल्टा पहुँचकर अनेक फलदार पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

पौधारोपण कार्यक्रम में सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज साहिया, अटल उत्कृष्ट जौनसार बावर राजकीय इंटर कॉलेज साहिया एवं ग्राम पंचायत समाल्टा ने संयुक्त रूप से पाटन स्थित विद्यालय भूमि पर पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड मुक्त विश्विद्यालय कैम्पस प्रभारी निदेशक डॉ. सुभाष रमोला ने सभी लोंगों से कहा कि उन्हें एक वृक्ष अवश्य रोपना चाहिए व उसके संरक्षण पर भी ध्यान देना होगा।

उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में इस प्रकार के सामाजिक कार्य में बढ चढकर भागीदारी करने के लिए गांववासियों व समस्त जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया।

परिसर समन्वयक नरेंद्र जगूड़ी ने कहा कि जंगल बचेंगे तो हम बचेंगे। जीव और वन ही जीवन है। इस दिशा में हमें औरों को भी प्रेरित करना होगा।

उन्होने कहा लगाए गए पौधों के संरक्षण के लिए सभी को आगे आना चाहिए । पर्यावरण की सुरक्षा हेतु मिलकर जंगलों का संरक्षण करना चाहिए ।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड मुक्त विश्विद्यालय कैम्पस प्रभारी निदेशक डॉ. सुभाष रमोला, एसएमआर जनजातीय (पीजी) कॉलेज के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर, अटल उत्कृष्ट जौनसार बावर राजकीय इंटर कॉलेज साहिया के प्रधानाचार्य जे.एस. बंगारी, समाल्टा ग्राम पंचायत प्रधान जयपाल सिंह तोमर, आनन्द सिंह तोमर, नरेन्द्र जगूड़ी, सहायक प्रवक्ता डॉ. भावना डोभाल, अरविंद कोटियाल, चन्द्र बल्लभ पोखरियाल, सुनील नेगी, महेश जगोठा, भरत सिंह, राघवेंद्र वर्मा, रमेश राणा, रूपेश कुमार नाथ, अनिरुद्ध कुमार, मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, संजय थपलियाल, देवेंद्र सिंह तोमर, हरीश गैरोला, नीरज शर्मा, सी.एस. बहुखंडी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, परिसर देहरादून

दिनांक 16 जुलाई 2021 को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, परिसर देहरादून द्वारा उत्तराखण्ड के लोक पर्व हरेला के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँव मोथोरोवाला एवं समाल्टा में जन–जागरुकता अभियान के तहत 16 जुलाई 2021 को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो0 दुर्गेश पंत जी के निर्देशन में विश्वविद्यालय के परिसर कर्मियों श्री नरेन्द्र जगूडी, श्री बृजमोहन खाती, श्री अजय कुमार सिंह, श्री सुनील नेगी, श्री राहुल देव एवं श्री चेतन थापा के द्वारा मोथरोवाला के अन्तर्गत स्थित श्री गुरूराम राय इन्टर कॉलेज, मोथोरोवाला देहरादून में प्रधानाचार्य जी के साथ मिलकर फलदार पौधों का रोपण किया गया।

विश्वविद्यालय के प्रभारी निदेशक डॉ0 सुभाष रमोला ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँव समाल्टा में जाकर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र, साहिया, देहरादून के समन्वयक श्री अनिल तोमर जी एवं अन्य सह कर्मियों के साथ मिलकर फलदार पौधों का रोपण कर लोक पर्व हरेला मनाया एवं ग्रामीणों को वैश्विक आपदाओं से बचने में पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी भी स्थानीय जनता को दी गयी।












•

# पौधा रोपने के साथ ही दी शैक्षिक जानकारी

देहरादून, 16 जुलाई (स.ह.) : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय परिसर देहरादून में प्रोफेसर दुर्गेश पंत के निर्देशानुसार हरेला पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। मुक्त विवि परिसर देहरादून ने 2 टीमों का चयन कर गोद लिए गए गांव मोथरोवाला व समाल्टा में पौध रोपण किया।

मुक्त विश्वविद्यालय परिसर देहरादून द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मोथरोवाला के ग्रामीणों व पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रम में भाग लिया गया। विश्वविद्यालय परिसर देहरादून की निदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। हरेला पर्व के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए पौधों के संरक्षण पर जोर दिया। समाल्टा में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी निदेशक डा. सुभाष रमोला, नरेंद्र जगूड़ी, बृजमोहन खाती, अजय, सुनील चेतन थापा, हितेश, अभिषेक आदि मौजूद रहे।





# जौनसार–बावर में परंपरागत तरीके से मना हरेला पर्व

संवाद सूत्र, चकराता: गुरुवार को श्रावण मास की शुरुआत होने से उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के तहत धरा को हरा भरा बनाने के संकल्प के साथ जगह-जगह पर पौधारोपण किया गया। सिद्धपीठ श्री महासू देवता मंदिर हनोल परिसर में पौधारोपण के जरिए आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

जौनसार-बावर के प्रमुख धाम एवं विख्यात पर्यटन स्थल सिद्धपीठ श्री महासू देवता मंदिर हनोल, देहरादून जनपद के टूरिस्ट डेस्टिनेशन केंद्र लाखामंडल समेत क्षेत्र की अन्य पंचायतों में पर्वतीय राज्य के स्थानीय त्योहार हरेला पर्व को परंपरागत तरीके से मनाया गया। हनोल-चातरा पंचायत के प्रधान एवं चकराता ब्लॉक प्रधान संगठन के महासचिव हरीश राजगुरु और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने महासू मंदिर हनोल परिसर के चारों तरफ विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे। देवघार खत से जुड़े अटाल पंचायत, सैंज-तराणू पंचायत और फेडिज गांव में वन क्षेत्राधिकारी यशपाल सिंह राठौर, डिप्टी रेंजर चतर सिंह चौहान, चकराता ब्लॉक युवा कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह राणा, सैंज-तराणू की प्रधान प्रीति राणा, अटाल के प्रधान जगदीश वर्मा, युवा मंगल दल अध्यक्ष अटाल यशवंत राणा, युवा मंगल दल अध्यक्ष सैंज आशीष राणा, प्रगतिशील बागवान कल सिंह राणा और फेडिज कपसाड़ वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष डा. पूजा गौड़ के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने पौधारोपण किया। सीमांत भूठ पंचायत की प्रधान अंकिता देवी के नेतृत्व में स्थानीय महिलाओं ने ग्राम समाज की खाली पड़ी बंजर भूमि पर विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे। जाड़ी पंचायत में प्रधान टीकम सिंह, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी प्रवींद्र कुमार, वन दरोगा अजय कुमार, उपप्रधान दया देवी, वन पंचायत के सरपंच सुल्तान सिंह और देवनगरी लाखामंडल में अवनी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रणवीर शर्मा, प्रधानाध्यापक नवीन शर्मा, जौनसार बावर वंचित उत्थान समाज समिति के सदस्य सोहन राज, रमेश सागर व राइंका सावड़ा के प्रधानाचार्य दीपक त्यागी, सहायक अध्यापक उमराव सिंह, सतीश कुमार, अंजू जोशी, किरण रानी, मनोज कुमार के नेतृत्व में स्टाफ कर्मियों ने मिश्रित प्रजाति के पौधे रोपे और पर्यावरण को साफ स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। साहिया में एसएमआर डिग्री कॉलेज के चेयरमैन अनिल सिंह तोमर और उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय गढ़वाल मंडल के निदेशक डा. सुभाष रमोला के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ कर्मियों ने पौधारोपण के जरिए आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं पछवादून के गोमुख परिसर विकासनगर में पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा, बीज बम अभियान के शिक्षक सुरक्षा रावत और रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुरेश रावत के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस दौरान खजान रावत आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालयों में पौधरोपण कर छात्रों को दी जानकारी

चकराता : पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी की प्राचार्य प्रोफेसर अंजना श्रीवास्तव, एनएसएस की कार्यक्रम संयोजक डा. मीनाक्षी कश्यप और रायगी-त्यूणी पंचायत के प्रधान एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रतन सिंह चौहान के नेतृत्व में वन विभाग टीम व छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रुप से महाविद्यालय परिसर के चारों ओर छायादार, शोभादार, फलदार, औषधीय गुणों वाले करीब डेढ़ सौ पौधों का रोपण किया। श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता के प्राचार्य प्रोफेसर केएल तलवाड़ और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कुलदीप चौधरी के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर हरेला पर्व मनाया।



सिद्धपीठ श्री महासू देवता मंदिर हनोल में बने सराय परिसर में हरेला पर्व पर पौधारोपण करते ग्राम प्रधान हरीश राजगुरु व वीडीओ अखिलेश कुमार आदि • जागरण

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, परिसर देहरादून

दिनांक–16 / 07 / 2022

## प्रगति आख्या

दिनांक 16 जुलाई, 2022 को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, परिसर देहरादून द्वारा उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गांव मोथरोवाला के राजकीय बालिका निकेतन एवं महालक्ष्मीपुरम कालोनी में आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में दोनों स्थानों में फलदार वृक्ष लगाये गए। इस अवसर पर मोथरोवाला पार्षद प्रतिनिधि के रूप में श्री ललित शर्मा, महालक्ष्मीपुरम कालोनी के महासचिव श्री कुलदीप जी एवं ग्राम मोथरोवाला की स्थानीय जनता ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के सौजन्य से वृक्षारोपण कर हरेला पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात एक बैठक का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डॉ0 सुभाष रमोला, प्रभारी निदेशक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, परिसर देहरादून ने कहा कि उत्तराखण्ड का लोकपर्व हरेला हरियाली का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर वृक्षारोपण के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि समाज के सर्वागीण विकास के लिये पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है।

कार्यक्रम संयोजक डॉ0 भावना डोभाल ने बताया कि पेड़ों के बगैर जीवन नामुमकिन है व हमें पेड़ लगाकर उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम का संचालन करने हुए नरेन्द्र जगूड़ी ने कहा कि हर किसी को वृक्षारोपण करते हुए प्राकृतिक सुन्दरता में अपना योगदान देना चाहिए।

इस कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि ललित शर्मा ने पर्यावरण के प्रति स्थानीय लोगों को जागरुक करते हुए सभी से एक–एक पेड़ प्रतिवर्ष लगाने का आहवान किया।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के संदेश को राजकीय बालिका निकेतन की अधिक्षिका, महालक्ष्मीपुरम कालोनी के महासचिव श्री कुलदीप जी एवं ग्राम मोथरोवाला की जनता द्वारा बहुत सराहा गया एवं इस प्रकार के अन्य कार्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से आग्रह किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बृजमोहन सिंह खाती, अजय कुमार सिंह, सुनील नेगी, अरविन्द कोटियाल, चन्द्र बल्लभ पोखरियाल, राहुल देव, चेतन बहादुर, अभिषेक कुमार समेत मोथोरोवाला से काफी संख्या में आये लोगों ने वृक्षारोपण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

(फोटो)



मुक्त विवि ने वृक्षारोपण कर हरेला पर्व हर्षोल्लास से मनाया

देहरादून ( बद्री विशाल )। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मोथोरोवला में आज वृक्षारोपण करते हुए उत्तराखन्ड का लोकपर्व हरेला बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। उल्लेखनिय है कि उक्त विश्वविघालय द्वारा मोथरावाला गांव को गोद लिया गया है। इसी के तहत आज वहां कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुक्त विश्वविद्यालय परिसर के निदेशक डा0 सुभाष रमोला ने कहा कि उत्तराखन्ड का लोकपर्व हरेला हरियाली का प्रतीक है। उन्होने कहा हम सबको मिलकर वृक्षारोपण के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक डा0भावना डोभाल ने कहा कि पेड़ो के बगैर जीवन नामुमकिन है। हमें पेड़ लगाकर उनके सरक्षण का भी संकल्प लेना होगा।। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विवि के डा0 नरेन्द्र जगूड़ी ने कहा हर किसी को वृक्षारोपण करते हुए प्राकृतिक सुन्दरता में अपना योगदान देना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यकर्म के पश्चात एक बैठक का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि ललित शर्मा ने हरियाली के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सभी से एक -एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विवि के बीएम खाती, अजय, अभिषेक, चेतन थापा, सुनील, राहुल समेत मोथोरोवाला से काफी संख्या मे आये लोगों ने वृक्षारोपण में अपनी भागेदारी निभाई ।




परिसर, देहरादून
हरेला पर्व के अवसर पर




Shot on OnePlus




महिला कल्याण विभाग




उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
परिसर, देहरादून
हरेला पर्व के अवसर पर
आपका हार्दिक स्वागत करता है
ग्राम - मोथरोवाला (देहरादून)
OPPO A9 2020
2022/07/16 10:42

# यूओयू के गोद लिए गांव बसानी में वितरित कराये कम्बल

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए नैनीताल जनपद के दूरस्थ गांव बसानी में शनिवार को दिव्यांग कल्याण समिति हल्द्वानी के सहयोग से तीन दर्जन से अधिक वृद्धजनों को एक कार्यक्रम आयोजित कर कम्बल बांटे गये, साथ ही इस कार्यक्रम में आने में असमर्थ सात वृद्धजनों को सहातार्थ उनके घर पर जाकर कम्बल व अन्य सामग्री दी गयी। उल्लेखनीय है कि विवि द्वारा समय-समय पर बसानी गांव में ग्रामीणों की सहायता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। कम्बल वितरण के इस कार्यक्रम में यूओयू के नोडल अधिकारी राजेन्द्र सिंह क्वीरा, बसानी ग्राम पंचायत की प्रधान बिमला तड़ागी, श्रीमती जीवंती तड़ागी, सरमाउन्ट स्कूल की प्रधानाचार्य वनिता क्वीरा, हेमन्त सिंह, दान सिंह तड़ागी आदि मौजूद थे।






# बसानी में बांटे कम्बल

हल्द्वानी। मुक्त विश्वविद्यालय के गोद लिए गांव बसानी में दिव्यांग कल्याण समिति हल्द्वानी के सहयोग से गांव में कम्बल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दो दर्जन से अधिक क्षेत्र के वृद्धो को कम्बल वह अन्य सामग्री वितरित की गई। इसके अलावा भी कार्यक्रम में नहीं आ पाए सात वृद्ध लोगों को उनके घर जाकर कम्बल दिए गए। इस कार्यक्रम में यूओयू के नोडल अधिकारी राजेन्द्र सिंह क्वीरा, बसानी ग्राम पंचायत से श्रीमती जीवंती तड़ागी, सरमाउन्ट स्कूल की प्रधानाचार्य वनिता क्वीरा, हेमन्त सिंह आदि मौजूद थे।

# गोद लिए गांव में यूओयू ने बांटे कंबल

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के गोद लिए गांव बसानी में दिव्यांग कल्याण समिति के सहयोग से कंबल वितरण किया गया। दो दर्जन से अधिक वृद्धों को कंबल व अन्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में नहीं आ पाए सात वृद्धों को घर जाकर कंबल दिए गए। कार्यक्रम में यूओयू के नोडल अधिकारी राजेन्द्र सिंह क्वीरा, बसानी ग्राम पंचायत से जीवंती तड़ागी, सरमाउंट स्कूल की प्रधानाचार्य वनिता क्वीरा, हेमन्त सिंह




------------------------------------------------------------------------

--------------

## यूओयू के गोद लिए गांव बसानी में निधन बच्चों को बांटी पठन-पाठन सामग्री

विश्वविद्यालय के गोद लिए गये दूरस्थ्य गांव बसानी में रविवार 14 मई 2023 को दिव्यांग कल्याण समिति हल्द्वानी व सरमाउण्ट पब्लिक स्कूल बसानी के सहयोग से निर्धन बच्चों को निःशुल्क कॉपियां व पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यूओयू के नोडल अधिकारी राजेन्द्र सिंह क्वीरा, दिव्यांग कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती धनी नेगी, ममता जोशी, शेखर भट्ट, पंकज पाण्डेय व सरमाउण्ट पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य वनिता क्वीरा ने बसानी, नाईसेला क्षेत्र के लगभग 80 बच्चों को कॉपियों व पठन-पाठन सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि आगे भी निर्धन बच्चों को यथाचित सहायता प्रदान की जायेगी, ताकि किसी बच्चें की पढ़ाई बाधित न हो सके। इससे पूर्व भी समिति द्वारा क्षेत्र में निर्धन लोगों को कम्बल वितरित किये। इस अवसर पर बसानी गांव की प्रधान सहित अनेक अभिभावक भी मौजूद थे।




---

## दूरदराज से आये 125 ग्रामीणों का किया ईलाज, दवाईयां बांटी

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के गोद लिए गांव दूरस्थ्य गांव बसानी में वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के 125 लोगों से अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवाईयां प्राप्त की। जनआरोग्य केन्द्र कमलुवागांजा, हल्द्वानी और सरमाउण्ट पब्लिक स्कूल बसानी के सहयोग से आयोजित इस चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ फीजिशियन डा. तरूण पंत, महिला रोग विशेषज्ञ डा. रत्ना पाण्डेय, बाल रोग विशेषज्ञ डा. आरपीएस नेगी ने बसानी व आसपास क्षेत्रों के 125 लोगों का ईलाज किया और उन्हें निःशुल्क बीपी, शुगर आदि की जांच करने के साथ ही दवाईयां भी उपलब्ध करायी। साथ ही कई मरीजों को उचित चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। विद्यालय के प्रांगण में यह शिविर प्रातः 11 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर को सम्पन्न कराने में यूओयू के नोडल अधिकारी राजेन्द्र सिंह क्वीरा, जनआरोग्य केन्द्र के भरत खनका, चंदन सिंह खनी, सरोज खनका, विद्यालय की प्रधानाचार्य वनिता क्वीरा, जीवन्ती तड़ागी, ग्राम प्रधान विमला तड़ागी, दान सिंह तड़ागी, दीपक पंत, आदित्य पंत, संजय तिवारी, मीनाक्षी पंत आदि का विशेष सहयोग रहा है।

# दूरस्थ्य गांव बसानी में लगा चिकित्सा शिविर

## दूरदराज से आये 125 ग्रामीणों का किया ईलाज, दवाईयां बांटी





**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के गोद लिए गांव दूरस्थ गांव बसानी में वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के 125 लोगों से अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर दवाईयां प्राप्त की। जनआरोग्य केन्द्र कमलुवागांजा, हल्द्वानी के सहयोग से सरस्वती पब्लिक स्कूल बसानी में आयोजित इस चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ फीजिशियन डा. तरुण पंत, महिला रोग विशेषज्ञ डा. रत्ना पाण्डेय, बाल रोग विशेषज्ञ डा. आरपीएस नेगी ने बसानी व आसपास क्षेत्रों के 125 लोगों का ईलाज किया और उन्हें निःशुल्क बीपी, शुगर की जांच करने के साथ ही दवाईयां भी उपलब्ध करायी। साथ ही कई मरीजों को उचित चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। विद्यालय के प्रांगण में यह शिविर प्रातः 11 बजे से 2-30 बजे तक आयोजित किया गया। इस दौरान शिविर में ग्रामीणों की काफी भीड़ रही है। चिकित्सा शिविर को सम्पन्न कराने में यूओयू के नोडल अधिकारी राजेन्द्र सिंह क्वीरा, जनआरोग्य केन्द्र के भरत खनका, चंदन सिंह खनी, सरोज खनका, विद्यालय की प्रधानाचार्य वनिता क्वीरा, जीवन्ती तड़ागी, ग्राम प्रधान विमला तड़ागी, दान सिंह तड़ागी, दीपक पंत, आदित्य पंत, संजय तिवारी, मीनाक्षी पंत आदि का विशेष सहयोग रहा है।




डॉ. आर. पी. एस. नेगी
(बाल रोग विशेषज्ञ)


नारायण सेवा
भारती


त्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये
गाँव बसानी में आपका हार्दिक स्वागत है।
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
तीनपानी बाईपास, हल्द्वानी (नैनीताल)
Phone No.: +91-5946-288000 Fax No.: 264222
E-mail:- info@uou.ac.in
Websit:-






# ग्रामीणों को सौंपी संरक्षण की जिम्मेदारी

**हल्द्वानी**। हरेला पर्व के अवसर पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के गोद लिए गांव बसानी में पौधरोपण किया गया और ग्रामीणों को उनके संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही इस मौके पर यूथ हॉस्टल एसोसिएशन की जिला इकाई की ओर से साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।




बसानी में पौधरोपण करते लोग।

कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी के निर्देशन में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव बसानी में शुक्रवार को हरेला पर्व पर लगभग तीन दर्जन से अधिक फलदार, छायादार व फूल के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही उनके घेरबाड़ की भी व्यवस्था की गई और कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को उनके संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. गिरिजा पांडे व नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह क्वीरा, सरमाउंड स्कूल की प्रधानाचार्या वनिता क्वीरा, डॉ. एचएस बिष्ट, डॉ. दीपक पालीवाल, सरोज पालीवाल, आरएस कालाकोटी आदि मौजूद थे।

विमला तड़ागी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत : बसानी

निवास :
ग्राम पंचायत–बसानी
वि.ख.–हल्द्वानी, जिला–नैनीताल
मो० : 9634689458, 9997877502

पत्रांक ...प्रशस्ति/02/2022

दिनांक 20-09-2022

# प्रशस्ति पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी हमारी ग्राम सभा बसानी,पो. बेल, जिला-नैनीताल (उत्तराखण्ड) से फरवरी वर्ष 2020 से जुड़ा हुआ है। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा हमारी ग्रामसभा में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिससे गांव के लोग काफी लाभान्वित हुए है।

विश्वविद्यालय ने समय-समय पर गांव में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कराया, इसके अलावा कोरोना महामारी के दौर में गांव में मास्क व सैनेटाइजर आदि का वितरण कराया। साथ ही गांव में कड़ाके की ठंड के दौरान कम्बलों का वितरण, पौधारोपण, पॉलीथिन उन्मूलन अभियान, जूट के बैग का वितरण, साइकिल रैली तथा कृषि, पर्यावरण, स्वास्थ्य से सम्बधित विविध कार्यक्रम आयोजित कराये हैं। जिससे गांव के लोगों को लाभ प्राप्त हुआ। ग्राम सभा बसानी इन नेक कार्यों व सहयोग के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी जी, नोडल अधिकारी राजेन्द्र सिंह क्वीरा जी व विश्वविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करती है। साथ ही भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा करती है।

सादर-

विमला तड़ागी
प्रधान
ग्राम पंचायत– बसानी
वि०ख० हल्द्वानी नैनीताल